FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं अति.जिला मजिस्ट्रेट सवाई माधोपुर

सरकार *बनाम* धूल्या

किस्म– प्रार्थना पत्र 14 (4) मुकदमा नम्बर 25/17 तारीख रजू 06.07.17

तारीख हुक्म	हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
14.03.19	पत्रावली पेश हुयी। वकील उभय पक्ष उपस्थित। पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण तहसीलदार सवाई माधोपुर द्वारा अप्रार्थीगण के विरूद्व आवंटन निरस्तीकरण हेतु पेश किया गया। प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण की तलबी की गयी। नोटिस की पुश्त पर तामील कुनिन्दा द्वारा इस आशयः की रिपोर्ट अंकित की गयी है कि धूल्या पुत्र नानगा जाति बैरवा निवाासी ढाणी संग्रामपुरा फोत हो चुका है। फोती की रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त तहसीलदार सवाई माधोपुर से मृतक धूल्या के कायम की सूचना चाही जाने पर अदालत हाजा द्वारा पत्र एवं स्मरण पत्र लिखने के उपरान्त भी कायम मुकाम की सूचना प्रेषित नहीं की गयी। प्रकरण दर्ज रजिस्टर से कम कर तहसीलदार सवाई माधोपुर को इस आक्षेप के साथ लोटाया जाता है कि प्रकरण में मृतक धूल्या के कायम बनाये जाकर पुनः नये सिरे से प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करे। पत्रावली नम्बर से कम होकर बाद तकमील दाखिल दफतर हो।	